**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

## HINDUSTAN



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मंगलवार को हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने डॉ. कोटा सोलेमन राजू को स्मृति चिह्न प्रदान किया। ● हिन्दुस्तान

# 'इंजीनियरिंग छात्रों के लिए गुणवत्ता की समझ जरूरी'

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, में मंगलवार को हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हॉरट्रोन) के सहयोग से मानकीकरण एवं अंशांकन विषय पर दो दिवसीय टीईक्यूआईपी कार्यशाला शुरू हुई। इस मौके पर कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि इंजीनियरिंग के छात्रों में गुणवत्ता की समझ बेहद जरूरी है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और हॉरट्रोन के सहायक महाप्रबंधक डीएस काजल ने मिलकर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग व टीईक्यूआईपी समन्वयक डॉ. मनीष वशिष्ठ भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में करीब सौ प्रतिभागी शामिल हुए। मौके पर प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक उत्पाद या व्यवसायिक सेवा की गुणवत्ता को परखने के लिए मानक तय हैं जो किसी भी उत्पाद, उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों अथवा इमारतों के निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को सुनिश्चित बनाते है।

इन मानकों की जांच विधि को जानना बेहद जरूरी है। डीएस काजल ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं विषय-वस्तु पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इससे स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया जैसी योजनाओं को समझने में मदद मिलेगी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस विवि में सेमिनार आयोजित

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय सेमिनार की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक उत्पाद या व्यवसायिक सेवा की गुणवत्ता को परखने के लिए मानक तय हैं।

# इंटरनेट ऑफ थिंग्स मॉड्यूल पर वर्कशॉप



■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सीईईआरआई पिलानी के सहयोग से इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) मॉड्यूल के प्रशिक्षण पर टीईक्यूआईपी प्रायोजित 6 दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यशाला की मंगलवार से शुरुआत हो गई। कार्यशाला का संचालन विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। वर्कशॉप में 50 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

## THE PIONEER

# हॉरट्रोन के साथ 'स्टैंडर्डाइजेशन एवं कैलिब्रेशन' पर दो दिवसीय कार्यशाला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हॉरट्रोन) संयुक्त तत्वावधान में 'स्टैंडर्डाइजेशन एवं कैलिब्रेशन' (मानकीकरण एवं अंशांकन) विषय पर दो दिवसीय टीईक्यूआईपी प्रायोजित कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला का संचालन हॉरट्रोन के इंजीनियर्स एवं विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और हॉरट्रोन के सहायक महाप्रबंधक डीएस काजल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा टीईक्यूआईपी समन्वयक डॉ. मनीष वशिष्ठ भी उपस्थित थे।

## THE PIONEER

# इंटरनेट ऑफ थिंग्स मॉड्यूल पर छह दिवसीय कार्यशाला शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा सीईईआरआई पिलानी के सहयोग से इंटरनेट आफ थिंग्स (आईओटी) मॉड्यूल के प्रशिक्षण पर टीईक्यूआईपी प्रायोजित छह दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला का संचालन विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, जिसमें 50 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र में सीईईआरआई पिलानी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कोटा सोलेमन राजू उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम तुर्क, टीईक्यूआईपी कोर्डिनेटर डॉ. मुनीश वशिष्ठ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

## PUNJAB KESARI

# ‘इंटरनेट ऑफ थिंग्स से बदल रही है प्रौद्योगिकी’

फरीदाबाद, 25 फरवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा सीईईआरआई पिलानी के सहयोग से इंटरनेट आफ थिंग्स (आईओटी) मॉड्यूल के प्रशिक्षण पर टीईक्यूआईपी प्रायोजित छह दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का संचालन विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, जिसमें 50 से ४यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र में सीईईआरआई पिलानी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कोटा सोलेमन राजू उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग अध्यक्षा डॉ. नीलम तुर्क, टीईक्यूआईपी कोर्डिनेटर डॉ. मुनीश वशिष्ठ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



*डॉ. कोटा सोलेमन राजू को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों को आईओटी के अनुप्रयोगों की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान करना है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. कोटा सोलेमन राजू ने आईओटी एनालिटिक्स एप्लिकेशस की विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगिता पर चर्चा की और बताया कि किस तरह से हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम, स्मार्ट होम और स्मार्ट सिटी जैसे क्षेत्रों में इस प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रौद्योगिकी इंटरनेट ऑफ थिंग्स की ओर ब? रही है और इस उन्नत तकनीक को लेकर संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अपडेटिड रहने की आवश्यकता है।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 26 February 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/49383422

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

**PUNJAB KESARI.COM**

# 'छात्रों के लिए गुणवत्ता मानकों की समझ जरूरी'

फरीदाबाद, 25 फरवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हॉरट्रोन) संयुक्त तत्वावधान में 'स्टैंडर्डाइजेशन एवं कैलिब्रेशन' (मानकीकरण एवं अंशांकन) विषय पर दो दिवसीय टीईक्यूआईपी प्रायोजित कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला का संचालन हॉरट्रोन के इंजीनियर्स एवं विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ आज कुलपति प्रो दिनेश कुमार और हॉरट्रोन के सहायक महाप्रबंधक डी.एस. काजल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग तथा टीईक्यूआईपी समन्वयक डॉ. मनीष वशिष्ठ भी उपस्थित थे। गुणवत्ता आश्वासन के मानकों को किसी भी उत्पाद या सेवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक उत्पाद या व्यवसायिक सेवा की गुणवत्ता को परखने के लिए मानक तय हैं जो किसी भी उत्पाद, उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों अथवा इमारतों के निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को सुनिश्चित बनाते है। इन मानकों की जांच विधि को जानना बेहद जरूरी है। इसलिए, विद्यार्थियों के मानकों की जांच पद्धति और तकनीकों को सीखने की आवश्यकता है जो आगे उन्हें करियर के विकास में मदद करेगी। सत्र को संबोधित करते हुए डी.एस. काजल ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं विषय-वस्तु पर विस्तार से जानकारी दी।



*कार्यशाला को संबोधित करते हुए हॉरट्रोन के सहायक महाप्रबंधक डी.एस. काजल।*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 26 February 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/49383519

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

## DAINIK BHASKAR

# स्टूडेंट्स को गुणवत्ता मानकों की समझ जरूरीः प्रो. दिनेश

## 'स्टैंडडाइजेशन एवं कैलिब्रेशन' पर कार्यशाला का आयोजन

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने हारट्रोन के संयुक्त तत्वावधान में 'स्टैंडडाइजेशन एवं कैलिब्रेशन' विषय पर दो दिनी कार्यशाला का आयोजन किया है। विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री रिलेशंस सेल के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और हारट्रोन के सहायक महाप्रबंधक डीएस काजल ने किया। इस दौरान कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा टीईक्यूआईपी के समन्वयक डा. मनीष वशिष्ठ भी मौजूद थे। गुणवत्ता आश्वासन के मानकों को किसी भी उत्पाद या सेवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताते हुए कुलपति प्रो. ने कहा कि प्रत्येक उत्पाद या व्यावसायिक सेवा की गुणवत्ता को परखने के लिए मानक तय हैं जो किसी भी उत्पाद, उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों अथवा इमारतों के निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को सुनिश्चित बनाते हैं। इन मानकों की जांच विधि को जानना बेहद जरूरी है। इसलिए विद्यार्थियों के मानकों की जांच पद्धति और तकनीकों को सीखने की आवश्यकता है जो आगे उन्हें करियर के विकास में मदद करेगी। डीएस काजल ने कहा कि इस कार्यशाला से स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया जैसे केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कार्यशाला हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव अंकुर गुप्ता के मार्गदर्शन में हारट्रोन की एक अनूठी पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यशाला में रूचि लेने के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# यूनिवर्सिटी में आईओटी मॉड्यूल पर छह दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने सीईईआरआई पिलानी के सहयोग से इंटरनेट आफ थिंग्स (आईओटी) मॉड्यूल के प्रशिक्षण पर छह दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया है। इसमें 50 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र में सीईईआरआई पिलानी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कोटा सोलेमन राजू मौजूद थे।

इस दौरान कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम तुर्क, टीईक्यूआईपी कोआर्डिनेटर डॉ. मुनीश वशिष्ठ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। डा. कोटा सोलेमन राजू ने आईओटी एनालिटिक्स एप्लिकेशंस की विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह से हेल्थ मानिटरिंग सिस्टम, स्मार्ट होम और स्मार्ट सिटी जैसे क्षेत्रों में इस प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रौद्योगिकी इंटरनेट ऑफ थिंग्स की ओर बढ़ रही है और इस उन्नत तकनीक को लेकर संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अपडेटेड रहने की जरूरत है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

## AMAR UJALA

Amar ujala 26/02/2020

# छात्रों को मानकों की जांच पद्धति सीखने की जरूरत

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए और हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हॉरट्रोन) के संयुक्त तत्वावधान में मानकीकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो दिनेश कुमार और हॉरट्रोन के सहायक महाप्रबंधक डीएस काजल ने की। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक उत्पाद या व्यावसायिक सेवा की गुणवत्ता को परखने के लिए मानक तय हैं। इन मानकों की जांच विधि को जानना बेहद जरूरी है। इसलिए विद्यार्थियों के मानकों की जांच पद्धति और तकनीकों को सीखने की जरूरत है। इस अवसर पर हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव अंकुर गुप्ता, कुल सचिव डॉ. एसके गर्ग, टीईक्यूआईपी समन्वयक डॉ. मनीष वशिष्ठ, इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली, डॉ. संजीव गोयल मौजूद रहे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 26.02.2020**

**AMAR UJALA**

# इंटरनेट ऑफ थिंग्स से बदल रही है प्रौद्योगिकी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से सीईईआरआई पिलानी के सहयोग से इंटरनेट आफ थिंग्स (आईओटी) मॉड्यूल के प्रशिक्षण पर छह दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। सीईईआरआई पिलानी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कोटा सोलेमन राजू मुख्य अतिथि रहे। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को आईओटी के अनुप्रयोगों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। डॉ. कोटा सोलेमन राजू ने बताया कि किस तरह से हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम, स्मार्ट होम और स्मार्ट सिटी जैसे क्षेत्रों में इस प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। ब्यूरो